सुनु मुनि तोहि कहउँ सहरोसा । भजहिं जे मोहि तजि सकल भरोसा ।।
करउँ तिन्ह कै रखवारी । जिमि बालक राखइ महतारी ।।

|| Ram Katha 961 - *मानस राम रक्षा || Mombasa (Kenya) || मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 31 | इंदौर, बुधवार 13 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## टैरिफ टेंशन के बीच पीएम मोदी-ट्रंप की हो सकती है मुलाकात

### UNGA समिट के लिए अगले महीने जाएंगे अमेरिका



**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने अमेरिका दौरे पर जा सकते हैं, जहां वे न्यूयॉर्क सिटी में होने वाली यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली (UNGA) की बैठक में शामिल होंगे. इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर व्यापार से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की योजना बनाई जा रही है. भारत-अमेरिका रिश्तों में हाल के तनाव के बीच यह संभावित मुलाकात अहम मानी जा रही है.**

सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से भी उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी शामिल हो सकते हैं. UNGA का शिखर सम्मेलन सितंबर में होगा और विश्व नेता 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में पहुंचने लगेंगे. सूत्रों की मानें तो ट्रंप चाहते हैं कि पीएम मोदी आएं और उनसे मिलें. इसलिए प्रधानमंत्री दोहरे मकसद से न्यूयॉर्क की यात्रा पर जा सकते हैं. अगर सब कुछ ठीक रहा तो प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति ट्रंप को QUAD शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण देंगे. अगर सब कुछ ठीक रहा तो QUAD शिखर सम्मेलन अक्टूबर में हो सकता है.


सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी अन्य वैश्विक नेताओं से भी उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे, जिनमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी शामिल हो सकते हैं. UNGA का शिखर सम्मेलन सितंबर में होगा और विश्व नेता 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में पहुंचने लगेंगे. सूत्रों की मानें तो ट्रंप चाहते हैं कि पीएम मोदी आएं और उनसे मिलें. इसलिए प्रधानमंत्री दोहरे मकसद से न्यूयॉर्क की यात्रा पर जा सकते हैं. अगर सब कुछ ठीक रहा तो प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति ट्रंप को QUAD शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण देंगे. अगर सब कुछ ठीक रहा तो QUAD शिखर सम्मेलन अक्टूबर में हो सकता है.


# बॉन्ड भरने वाले डॉक्टर्स के गायब होने पर होगी सख्ती

## डिप्टी सीएम बोले-ऐसा सॉफ्टवेयर बनाएं, जो चिकित्सकों की ऑनलाइन जीपीएस इनेबल्ड उपस्थिति दे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। बॉन्ड भरने के बाद भी चिकित्सकीय सेवा से गायब रहने वाले डॉक्टरों पर सरकार सख्ती करेगी। इसके लिए डिप्टी सीएम ने ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार करने को कहा है, जिससे ऐसे डॉक्टरों की अस्पताल में उपस्थिति जीपीएस-इनेबल्ड ऑनलाइन रहे। इस मामले में ऑफलाइन सिस्टम पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।**

उपमुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि बॉन्ड अवधि पूर्ण करने वाले यूजी-पीजी बॉन्ड चिकित्सकों की वास्तविक सेवा उपस्थिति तय करने के लिए जीपीएस-इनेबल्ड ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में लागू की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सॉफ्टवेयर में ऐसी व्यवस्था हो



कि जब एक वर्ष की अवधि (सॉफ्टवेयर गणना अनुसार) पूरी हो, तभी एनओसी जारी हो जाए। उन्होंने विधिवत दायित्वों का निर्वहन करने वाले बॉन्ड चिकित्सकों को सहजता से ऑनलाइन एनओसी प्रदाय करने की व्यवस्था के निर्देश दिए। शुक्ल ने कहा कि ऑफलाइन एनओसी की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त की जाए।

मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने यह भी कहा कि 'सार्थक' ऐप में ऐसे प्रावधान किए जाएं, जिससे संस्था के जियो-रेफरेंस्ड क्षेत्र में मौजूद होने पर ही उपस्थिति दर्ज हो।इससे प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहेगी और प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की स्थिति बनी रहेगी।

बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, एमडी एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, संचालक स्वास्थ्य दिनेश श्रीवास्तव, एमडी एमपीएसईडीसी आशीष वशिष्ठ सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सिंहस्थ से पहले चौड़ा हो जाएगा एमआर-10 आरओबी, चार लेन नई बनेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में यातायात का दबाव बढ़ने के साथ ही सड़क और पुल-पुलिया भी छोटे पड़ने लगे है। यही हाल एमआर-10 स्थित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का है। यहां पर चार लेन पर वाहनों का सर्वाधिक दबाव है। ऐसे में इसको चौड़ा किया जा रहा है और कुमेडी की तरफ चार लेन का अतिरिक्त आरओबी बनेगा। यह कार्य 48.81 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। दो साल में सिंहस्थ से पहले इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। विगत दिनों इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) संचालक मंडल ने इसके टेंडर को स्वीकृति दे दी है। इसके बनने से उज्जैन के अलावा सुपर कारिडोर जाने वाले वाहनों की राह सुगम होगी। आइडीए ने एमआर-10 आरओबी की चार लेन बनाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की थी। चार लेन



आरओबी बनाने के लिए आठ एजेंसियों ने रूची दिखाई थी। विगत दिनों आइडीए संचालक मंडल की बैठक में निर्माण का कार्य 48.81 करोड़ में सौंप दिया गया। यह आरओबी इंदौर के तेजी से विकसित हो रहे सुपर कारिडोर और उज्जैन रोड जैसे क्षेत्रों को जोड़ता है और मेट्रो लाइन के साथ-साथ यातायात को निर्बाध बनाता है। इस आरओबी के चौड़ा होने से जाम की समस्या से राहत मिलेगी। निर्माण में दो वर्ष का समय लगेगा।आइडीए के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आरपी अहिरवार का कहना है आरओबी के निर्माण के लिए एजेंसी को स्वीकृति दी जा चुकी है।जल्द निर्माण कार्य एजेंसी शुरू करेगी।रेलवे और अन्य विभागों से जरूरी एनओसी पहले ही ली जा चुकी है। एमआर-10 पर वर्तमान आरओबी से प्रतिदिन 15 हजार से अधिक वाहन गुजरते है। अभी चार लेन का आरओबी होने से कई बार वाहनों की कतारे लग जाती है। इससे राहत के लिए चार लेन का एक और आरओबी बनाया जा रहा है। इस आरओबी की लंबाई 713.5 मीटर होगी और इसको 45 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। इसके साथ ही विजय नगर की तरफ की पुलिया को भी चौड़ी होगी। एमआर-10 आरओबी का निर्माण करीब दो दशक (करीब 20 साल) पहले किया गया था, लेकिन समय के साथ सुपर कारिडोर और उज्जैन रोड पर कई कॉलोनियां विकसित हो गई और महाकाल लोक के बाद उज्जैन जाने वाले वाहनों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई। अब यह चार लेन का आरओबी वाहनों का दबाव नहीं उठा पा रहा है और छोटा पड़ने लगा है। इसकी वजह से इसका विस्तार किया जा रहा है। 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के दौरान करोड़ों लोगों के उज्जैन पहुंचने का अनुमान है।ऐसे में लाखों वाहन एमआर-10 होकर ही उज्जैन आना और जाना करेंगे। इन वाहनों के सुगम आवागमन के लिए आरओबी को आठ लेन का बनाया जा रहा है। चौड़ीकरण के बाद वाहनों का आवागमन आसान होगा और इससे ईंधन की बचत भी होगी। लवकुश चौराहा पर पहले ही एक फ्लाईओवर बनाया जा चुका है और डबल डेकर का निर्माण जारी है।

# विद्यार्थी रील वाली दुनिया से बाहर निकलकर पुस्तकालय में बैठकर अध्ययन करें, अपना कैरियर बनायें : संभागायुक्त श्री सिंह

## शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय में पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती पुस्कालय दिवस के रूप में मनायी गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संभागायुक्त दीपक सिंह ने बच्चों से कहा कि वे मोबाइल पर रील और वीडियो की नकली दुनिया देखने की बजाय पुस्तकालय में बैठकर किताबों का अध्ययन करें और अपना केरियर बनायें। शॉर्टकट का रास्ता अपनाने के बजाय, कठोर परिश्रम करें। 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान' में बच्चे बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ भाग लें। अभियान में तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सहभागिता करें। संभागायुक्त श्री सिंह शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय में पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर लोक शिक्षण प्रभारी संयुक्त संचालक श्रीमती अनीता चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शांतास्वामी भार्गव, रंगकर्मी जयंत भिसे, पुस्तकालय की ग्रंथपाल श्रीमती लिली संजय डावर, जिला परियोजना समन्वयक संजय कुमार मिश्र विशेष रूप से उपस्थित थे।**



संभागायुक्त श्री सिंह ने आगे कहा कि प्रतिवर्ष 12 अगस्त को पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती पुस्तकालय दिवस के रूप में मनायी जाती है। विशेषकर शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। डॉ. रंगनाथन की पुस्तकालय निर्माण में समाज को एक बड़ी देन है। संभागायुक्त श्री सिंह ने आगे कहा कि इंदौर में शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय एक ऐसा पुस्तकालय है, जहाँ विभिन्न विषयों पर एक लाख से अधिक ध्यानवर्धक पुस्तकें है। मात्र एक रुपये में कोई भी विद्यार्थी इसका सदस्य बन सकता है। संभागायुक्त श्री सिंह ने शिक्षा विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती अनीता चौहान एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शांतास्वामी भार्गव को निर्देशित किया कि वे हर माह शासकीय विद्यालयों के बच्चों को शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय में लेकर आयें, ताकि वे पुस्तकों के महत्व को समझें और इसके सदस्य बनें। साथ ही इंदौर संभाग में जो बच्चे हाई स्कूल और हाई सेकेण्डरी परीक्षा में उच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं, उनके सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाएं, इससे दूसरे बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी।

संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय में हर माह एक ऐसा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाये, जिसमें सीनियर सिटीजन्स बच्चों के साथ पुस्तकों पर चर्चा करें। साथ ही जो अच्छे लेखक, साहित्यकार, पुस्तक समीक्षक है, वे कार्यक्रम आयोजित कर अच्छी और चर्चित पुस्तकों पर चर्चा करने के साथ उनकी समीक्षा करें, ताकि पुस्तक लेखन संस्कृति को और अधिक बढ़ावा मिले। इस मौके पर संभागायुक्त श्री सिंह ने श्रीमदभागवत गीता और श्रीरामचरितमानस के डिजीटल संस्करण का विमोचन भी किया।

### शिक्षक दिवस के पूर्व प्रीतमलाल दुआ सभागृह के रिनोवेशन का कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय में इंदौर विकास प्राधिकरण के सहयोग से तीन करोड़ रुपये की लागत से दिव्यांगों के लिए एक सुगम पुस्तकालय बनाया जाएगा। इस मौके पर संभागायुक्त श्री सिंह ने श्री प्रीतमलाल दुआ सभागृह में चल रहे रिनोवेशन के कार्यों सहित सम्पूर्ण परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया। उन्होंने इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिक्षक दिवस के पूर्व प्रीतमलाल दुआ सभागृह के मुख्य हॉल का रिनोवेशन के कार्य को पूर्ण कर लें। इस मौके पर संभागायुक्त श्री सिंह ने शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर में स्थित पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाये। कार्यक्रम में ग्रंथपाल श्रीमती लिली संजय डावर ने शासकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती को पुस्तकालय दिवस के रूप में मनायी गई। साथ ही 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान' के तहत स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न शासकीय विद्यालयों के करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किये गए। रंगकर्मी जयंत भिसे और संजय कुमार मिश्र ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन गोपाल पुजारी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शासकीय विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जनसुनवाई: समस्याओं का त्वरित समाधान, बढ़ा जनता का विश्वास

◆ शिक्षा, रोजगार और इलाज के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने दी मौके पर राहत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित हुई। कलेक्टर आशीष सिंह ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संवेदनशीलता के साथ उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में किसी को शिक्षा से संबंधित सहायता, किसी को रोजगार उपलब्ध कराने और किसी को इलाज हेतु सहयोग प्रदान किया गया। कई प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही किया गया।

जनसुनवाई में एक जरूरतमंद दिव्यांग छात्रा को उच्च शिक्षा के लिए लैपटॉप स्वीकृत किया गया, युवकों को रोजगार प्राप्त कराने हेतु संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए, वहीं गंभीर बीमारी से पीड़ित जरुरतमंदों को तत्काल उपचार के लिए सहायता उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर आशीष सिंह ने समस्याओं के निराकरण के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दूरभाष पर भी प्रदान किए। जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव नहीं था, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। साथ ही प्रकरणों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष सिंह को एक दिव्यांग आवेदिका द्वारा बताया गया कि वह कॉलेज में द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही है और उसे पढ़ाई को सुचारू रूप से करने के लिए लैपटॉप की जरूरत है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा आवेदिका को लैपटॉप की सहायता दी गई। जनसुनवाई में निजी टेक्सटाइल कंपनी के कुछ कर्मचारियों द्वारा शिकायत की गई कि कंपनी उनका बढ़ा हुआ वेतन भुगतान नहीं कर रही है, जो कि बढ़ाने के आदेश थे। इसके निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को दूरभाष पर नियमानुसार कार्रवाई कर वेतन दिलाने के लिए निर्देशित किया गया। एक अन्य आवेदक ने बताया कि उसका मकान गिरवी रखा गया था किंतु उसका अब तक भुगतान नहीं किया गया है, कलेक्टर श्री सिंह ने सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम को इसके निराकरण के निर्देश दिए। कुछ आवेदक पीएम आवास का लाभ नहीं मिलने की शिकायत लेकर आए थे, जिसके निराकरण के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने उन्हें पीएम आवास 2.0 योजना के तहत पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में एक आवेदिका ने बताया कि वह उसके बच्चे की स्कूल फीस भर पाने में सक्षम नहीं है और स्कूल वाले बच्चे को स्कूल फीस नहीं भरने पर स्कूल से निकालने का कह रहे है, इसके लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कहा कि स्कूल फीस भरने की व्यवस्था की जायेगी।

# तिरंगा लेकर निकले स्कूली बच्चे और इंदौर पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। ये अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। इसी कड़ी में मंगलवार को विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ ही पुलिसकर्मियों ने तिरंगा यात्रा मार्च पास्ट निकाला।**



बता दें कि देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगे को पूरे गौरव और सम्मान के साथ देशभर में हर घर पर फहराया जाए और स्वतंत्रता का यह महापर्व स्वच्छता का भी पर्व बने। इसी को ध्यान में रखते हुए, देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोड़ने और उन्हें देश की आजादी और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से, शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा – हर घर स्वच्छता अभियान का आयोजन 15 अगस्त तक किया जा रहा है। मंगलवार को डीसीपी प्रकाश परिहार, एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया, खेल एवं युवक कल्याण विभाग के पदाधिकारियों एवं अन्य पुलिस अधिकारियों सहित, पीटीसी इंदौर के प्रशिक्षु नव आरक्षकों और विभिन्न स्कूलों के बच्चों सहित करीब 1200 लोगों के साथ इंदौर पुलिस ने एक तिरंगा यात्रा मार्च-पास्ट निकाला। डीसीपी प्रकाश परिहार ने इसे हरी झंडी देकर रवाना किया। इसके पहले उन्होंने सभी से कहा कि देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोड़ने और उन्हें देश की आजादी के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के उद्देश्य की पूर्ति के लिए हम सब यहां एकत्रित हुए हैं। हम सभी यह संकल्प लें कि हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव के प्रतीक तिरंगे को स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों के साथ मिलकर अपने घरों पर पूरे गर्व व सम्मान के साथ फहराएं और पूरे हर्षोल्लास के साथ स्वच्छता का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय पर्व मनाएं।तिरंगा यात्रा मार्च-पास्ट डीआरपी लाइन इंदौर से शुरू होकर नगर निगम चौराहा, कृष्णापुरा छत्री होते हुए राजबाड़ा पर समाप्त हुआ। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों और स्कूल के बच्चों ने अपने हाथों में तिरंगा थामकर देशप्रेम के नारों के साथ लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और इस अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें, इसके लिए पूरे उत्साह के साथ पास्ट निकाला। साथ ही उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हमारे इस राष्ट्रीय पर्व पर इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने राष्ट्र के गौरव तिरंगे को घर पर अवश्य फहराएं।

# रालामंडल में गोल्फकार्ट से होगी डियर सफारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर के रालामंडल अभ्यारण में अब पर्यटन डियर सफारी का आनंद गोल्फकार्ट में बैठकर ले सकेंगे। यह सेवा पहले भी शुरू की गई थी, लेकिन नियमित नहीं रह पाती थी। वन विभाग ने इसके लिए हाल ही में टेंडर भी जारी किए है। प्रति यात्री इस वाहन में सवार होने के लिए 60 रुपये खर्च करना होंगे। इसमें से 30 रुपये वन विभाग को को मिलेंगे, जबकि 30 रुपये आपरेटर की जेंब में जाएंगे।। वन विभाग वाहन आपरेटरों से इसके लिए अनुबंध करेगा। शहर के रालामंडल अभ्यारण में वन विभाग ने



हिरण भी छोड़ रखे है। वे खुले बाडे में झुंड में घूमते रहते है। बाड़े में पर्यटकों के घूमने के लिए एक ट्रेक भी बना हुआ है। इसके अलावा आराम करने के लिए झोपड़ियां भी बनाई गई है। मंगलवार को वन विभाग ने गोल्फ कार्ट वाहन के लिए टेंडर जारी किए है। पांच से आठ की संख्या में यह वाहन यहां पर्यटकों को सैर कराएंगे। कुछ वाहनों में छह यात्री सफर कर सकेंगे तो कुछ वाहनों में आठ से ज्यादा यात्री बैठ सकेंगे। रालमंडल के मैदानी हिस्से को डियर सफारी के रुप में विकसित किया गया है। गोल्फ कार्ट के जरिए तीन किलोमीटर तक यात्री घूम सकेंगे। पंद्रह से बीस मिनट तक पर्यटक डियर सफारी का आनंद ले सकेंगे। कई बार हिरण पर्यटकों के करीब भी आ जाते है या ट्रेक पर ही विचरण करते है। तब गाड़ी रुकवा कर पर्यटक उन्हें करीब से देख सकते है।

# आगामी त्यौहारों और आयोजनों में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

## पीओपी मूर्तियों के निर्माण व विक्रय संबंधी प्रतिबंध का कराया जायेगा सख्ती से पालन

### कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आगामी त्यौहारों और आयोजनों के दौरान इंदौर में डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। दो से अधिक स्पीकर देने वाले संस्थानों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियों के निर्माण और विक्रय पर लगे प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।**



उक्त निर्णय मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला शांति समिति की बैठक में लिये गये। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, एडीएम रोशन राय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि सभी त्यौहार इंदौर की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप सांप्रदायिक सौहार्द, शांति, एकता और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे। कलेक्टर आशीष सिंह ने इंदौर में पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनने वाली और विक्रय होने वाली मूर्तियों पर लगाये गये प्रतिबंध की जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों और आयोजकों से अपील की कि वे परम्परागत रूप से मिट्टी से बनने वाली मूर्ति ही स्थापित करें। शांति समिति के सभी सदस्यों ने उक्त प्रतिबंध की सराहना की और निर्णय लिया कि इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया जाये। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि त्यौहारों के दौरान इंदौर की गौरवशाली परम्परा को कायम रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रहें ताकि किसी को असुविधा न हो।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह ने बैठक में सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मूर्ति निर्माता केवल पारंपरिक स्वरूप में मूर्तियां बनाएं, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली मूर्तियां नहीं बनाएं। उन्होंने कहा कि मटकी फोड़ प्रतियोगिता निर्धारित ऊंचाई पर ही हो और पंडाल यातायात बाधित न करने वाले स्थान पर ही लगाए जाएं। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

## मृत पशुओं के अंतिम संस्कार की होगी व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में अब मृत पशुओं के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की जा रही है। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर अब तक मृत पशुओं को दफनाया जाता था। मगर नगर निगम यहां उनके अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने जा रहा है। साथ ही यहां से निकलने वाली राख का इस्तेमाल खाद बनाने में किया जाएगा। इंदौर में कई लोग अपने घरों में जानवरों को पालते हैं। इसमें सबसे ज्यादा कुत्ते और बल्लियां भी हैं। वहीं शहर में भी कुत्तों की संख्या ज्यादा है। मगर, इन पशुओं की मौत के बाद इनके अंतिम संस्कार की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में कई लोग ट्रेंचिंग ग्राउंड पर इन मृत पशुओं को दफनाते हैं। इसे देखते हुए नगर निगम इंदौर उनके लिए व्यवस्थित रूप से अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने जा रहा है। शहर में व्यवस्था नहीं होने के कारण कई लोगों को इसके लिए परेशान भी होना पड़ता है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि आवारा पशुओं और पालतू जानवरों के अंतिम संस्कार की दृष्टि से पहले उन्हें दफनाया जाता था, लेकिन अब हम इंसीनेरटर लगाकर एनीमल कॉरकस के माध्यम से उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा और उन मृत पशुओं के अंतिम संस्कार के बाद जो राख निकलने वह खाद के रूप में इस्तेमाल की जाएगी। ऐसे कई नवाचार लाइन में है। जैसे रोड स्वीपिंग के हो, मिक्स्ड वेस्ट के हो या प्लास्टिक से फ्यूल बनाने की बात हो इसे हम तेजी से आगे बढ़ा रहे है। महापौर ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ही एनीमल कॉरकस की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा फिलहाल ओर कही नहीं व्यवस्था की जा रही है। मृत पशुओं को यहां लगाकर ही उन्हें इंसीनेरटर किया जाएगा। इसके लिए वर्क ऑर्डर भी हम दे चुके है। इसका टैंडर भी जारी हो चुका है। इसके लिए एजेंसी भी आ गई है वह अपना प्लांट बनाकर इसका काम शुरू करेगी। बताया जा रहा है कि ये काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।

### दिल्ली विश्वविद्यालय जैसा प्रदर्शन इंदौर में

## महिला प्राचार्य के ऑफिस का दरवाजा तोड़ फेंक दी जंगली घास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में सोमवार को एक शासकीय महाविद्यालय में दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रौनक खत्री जैसा विरोध प्रदर्शन किया गया है। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय की महिला प्राचार्य के कमरे का दरवाजा तोड़कर इसके भीतर जंगली घास फेंक दिया। इस घटना के बाद से कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज किया गया है।**



दरअसल, इस महाविद्यालय परिसर में जंगली घास उगी हुई है। जिसको कटवाने के लिए एनएसयूआई के कार्यकर्ता कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन प्रशासन इन मांग को अनसुना कर रहा था। जिसके बाद भड़के एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने उग्र विरोध प्रदर्शन किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। भंवरकुआं पुलिस थाने के प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के एक कर्मचारी की शिकायत पर एनएसयूआई के नेता अमन पटवारी और इस छात्र संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यादव ने बताया कि यह मामला सरकारी दफ्तर में जबरन घुसकर कर्मचारियों से अभद्रता, शासकीय कार्य में बाधा और तोड़-फोड़ के आरोपों में भारतीय न्याय संहिता के संबद्ध प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया है। एनएसयूआई नेता पटवारी का कहना है कि वह लंबे समय से महाविद्यालय प्रबंधन से मांग कर रहे थे कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा स्थल और महाविद्यालय परिसर के अन्य स्थानों पर उगी जंगली घास कटवा दी जाए और कचरा साफ करा दिया जाए, लेकिन महाविद्यालय प्रबंधन इस मांग पर ध्यान नहीं दे रहा था। उन्होंने कहा कि हमने महाविद्यालय परिसर की जंगली घास खुद उखाड़ी। हम यह घास प्राचार्य को भेंट करने जा रहे थे, लेकिन उन्होंने अपने कक्ष में ताला लगवा दिया। आखिरकार हमें अपनी उचित मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर ने घटनाक्रम को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मेरे कक्ष का दरवाजा तोड़ने की जब घटना हुई उस समय मैं महाविद्यालय में नहीं थी। बाद में जब मैं अपने कक्ष में पहुंची तो मुझे मेरी कुर्सी के साथ ही हर तरफ जंगली घास बिखरी मिली। उन्होंने बताया कि कुछ प्राध्यापक जब उग्र प्रदर्शनकारियों को समझाने गए तो प्रदर्शनकारियों ने उनसे बदतमीजी करते हुए लोहे की रॉड से मेरे कक्ष का दरवाजा तोड़ दिया और जबरन भीतर दाखिल हो गए। प्रदर्शनकारियों की इस गुंडागर्दी ने शिक्षा के मंदिर को कलंकित कर दिया है। प्राचार्य के मुताबिक बारिश के मौसम में हर साल महाविद्यालय परिसर में जंगली घास उग जाती है, जिसे कटवाने का आदेश वह अपने मातहत कर्मचारियों को पहले ही दे चुकी हैं। बता दें कि कुछ महीनों पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष रौनक खत्री ने भी कुछ इसी तरह से विरोध प्रदर्शन किया था। वहां भी एक प्राचार्य ने क्लास रूम में एसी न लगवाने का ज्ञान देते हुए दीवारों पर गोबर की पुताई करवा दिया था। जिसके बाद रौनक खत्री ने प्राचार्य के ऑफिस में घुसकर दीवारों पर गोबर से पुताई कर दी थी और ऑफिस का एसी बंद कर दिया था। यह घटना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी।

## हर घर तिरंगा – हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत गाँवों में निकली तिरंगा यात्राएँ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा एवं कलेक्टर आशीष सिंह तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में आज "हर घर तिरंगा – हर घर स्वच्छता अभियान" के अंतर्गत जनपद पंचायत महू सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में वृहद तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत महू की ग्राम पंचायत हासलपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में विधायक सुश्री उषा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विधायक सुश्री उषा ठाकुर ने देशभक्ति का संदेश दिया एवं स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

## कांग्रेस ने रीगल चौराहे पर लगाया चश्मा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मंगलवार कांग्रेस ने दो अलग-अलग जगह प्रदर्शन किया। कांग्रेस का यह प्रदर्शन दो धड़ों में बंटा हुआ था। एक प्रदर्शन सेवादल कांग्रेस के नेताओं ने किया, तो वहीं दूसरा प्रदर्शन कार्यवाहक अध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ किया।

सेवादल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इलेक्शन कमिशन के लिए 5 फुट बड़ा भाजपा छाप चश्मा बनाकर राहुल गांधी के समर्थन में प्रदर्शन किया, तो वहीं कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने ऑनलाइन सिस्टम ठप होने से बिजली बिल जमा करने में दिक्कत आने और स्मार्ट मीटर के बिल में अधिक राशि आने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा इलेक्शन कमिशन पर गंभीर आरोप लगाते हुए सबूत सहित बताया कि किस तरह इलेक्शन कमिशन वोटों की चोरी कर रहा है और कर्नाटक की



महादेवपुरम सीट पर किस तरह से विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बीच कई-कई लाख वोट बढ़ाकर भारतीय जनता पार्टी को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई। महाराष्ट्र में भी इलेक्शन कमिशन द्वारा यही काम किया गया, जहां विधानसभा और लोकसभा के चुनाव के बीच 40 लाख वोटर बढ़ा दिए गए।

राहुल गांधी ने बताया कि किस तरह एक ही घर में 80-80 मतदाता निवास कर रहे हैं, कई घरों के मकान नंबर शून्य हैं, इसके बावजूद इलेक्शन कमिशन अपने अधिकारियों पर कार्रवाई न करते हुए इतने गंभीर मामले की जांच भी नहीं कर रहा और चुप्पी साधे बैठा है। उल्टा, राहुल गांधी और तमाम विपक्ष के नेताओं से शपथ पत्र देने की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह का रवैया यह दर्शाता है कि एक संवैधानिक स्वतंत्र संस्था किस तरह भारतीय जनता पार्टी के हाथ की कठपुतली बनकर रह गई है। इसी के विरोध में इंदौर में अनोखा प्रदर्शन किया गया। 5 फुट बड़ा चश्मा बनाया गया। जिस पर लिखा था 'कमल छाप EC चश्मा'। चश्मे के सामने लिखा गया, 'EC का कमल, बीजेपी को वोट, लोकतंत्र पर चोट।' इस कमल छाप EC चश्मे के जरिए यह संदेश देने का प्रयास किया गया।

# उद्योगों की मांग अनुसार कौशल विकास पाठ्यक्रम डिजाइन करें : राज्यपाल श्री पटेल

## संभाग स्तर पर स्थापित होंगे क्रिस्प संस्था के केन्द्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि क्रिस्प प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के उद्योगों में रोजगार की मांग का आकलन कर उसके अनुसार कौशल विकास के कार्यक्रम डिजाइन करें। स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप स्थानीय विद्यार्थियों का कौशल विकास करें, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में ही रोज़गार प्राप्त हो सकें।**

राज्यपाल श्री पटेल कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड इंडस्ट्रियल स्टॉफ़ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्रिस्प के 29 वें स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थितजनों को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का क्रिस्प स्थापना दिवस बधाई वीडियो संदेश प्रदर्शित किया गया। उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार भी उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में सक्षम योजना के तहत महिला प्रशिक्षार्थियों और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना भी की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि संस्थान ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत कौशल विकास के कार्यक्रमों से युवाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प की दिशा में सराहनीय प्रयास है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश, कौशल भारत और कुशल भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उनकी विजनरी लीडरशिप में भारत आर्थिक महाशक्ति बन रहा है। भारत अब विश्व का तीसरा बड़ा स्टार्ट-अप ईको सिस्टम वाला देश है। प्रदेश सरकार भी युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार के कार्यक्रमों ने विशेष कर बेटियों को भी आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं। इसी का सुखद परिणाम है कि अब आई.आई.टी., एन.आई.टी., ट्रिपल आई.टी. जैसे संस्थानों के दाखिलों में बेटियों की भागीदारी बढ़ने लगी है।



### उज्जैन में स्थापित होगा क्रिस्प का पहला संभागीय केन्द्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्रिस्प के 29वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए जारी वीडियो संदेश में कहा कि सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस (क्रिस्प) के केन्द्रों का विस्तार संभाग स्तर तक किया जाएगा। प्रदेश में औद्योगिक और निवेश गतिविधियों के विस्तार के परिणाम स्वरूप कुशल श्रमिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके दृष्टिगत प्रदेश में कौशल उन्नयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रिस्प के केन्द्रों की संभाग स्तर पर स्थापना से प्रदेश के युवाओं को लाभ होगा। यह पहल प्रदेश के युवाओं को रोजगारपरक कार्यों से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और देश-प्रदेश की प्रगति में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'पीएम मित्र पार्क' के भूमि-पूजन के लिए 25 अगस्त को बदनावर-धार आ रहे हैं। भविष्य में इस क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की मांग बढ़ेगी। अतः संभाग स्तर पर क्रिस्प के केन्द्र स्थापित करने की शुरुआत उज्जैन से की जाएगी।

## सो रही मां और दो बेटों को सांप ने डसा, तीनों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** घर में सो रही महिला और उसके दो बेटों को सांप ने डस लिया। जिससे तीनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सांप काटने के बाद परिजन ने झाड़-फूंक कराया। जिसके चलते इलाज में देरी होने से उनकी जान नहीं बच सकी। महिला पिंकी (उम्र 30 साल) पति ब्रजेश शिवपुरी जिले की रहने वाली थी। सोमवार को वह अपने बेटे प्रिंस (7) और बेटी नेहा (5) के साथ राजस्थान के बारां जिले में अपने मायके रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए पहुंची थी। जहां मंगलवार सुबह करीब 5 बजे तीनों को सोते समय कॉमन करैत सांप ने डस लिया। परिजन ने उनके मुंह से झाग निकलते देखा। तीनों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। इधर, सांप कमरे में ही था, जिसे परिजन ने लाठी से हमला कर मार दिया।ग्रामीणों के मुताबिक, सांप के डसने के बाद परिजन तीनों को अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने सिरसौद गांव में स्थित एक स्थान पर ले गए। करीब पांच घंटे बाद जब तबीयत और बिगड़ गई, तब केलवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# चार हजार की रिश्वत लेते अधीक्षक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। लोकायुक्त इंदौर ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को खंडवा में बाल संप्रेषण गृह के अधीक्षक हरजिंदर सिंह अरोरा को रंगे हाथों पकड़ा। लोकायुक्त ने कार्रवाई पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में की। अधीक्षक अरोरा ने बाल संप्रेषण गृह में भोजन बनाने वाली महिला से दो माह का वेतन निकालने के एवज में दो हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से चार हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।**

लोकायुक्त ने मंगलवार को चार हजार रुपये लेते हुए अधीक्षक अरोरा को रंगे हाथों पकड़ा। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई ने यह कार्यवाही की।आवेदिका रताग़ढ़, हरसूद नाका खंडवा निवासी ज्योति पाल पति सुनील पाल बाल संप्रेषण गृह खंडवा में विगत चार वर्षों से भोजन बनाने का काम करती है। आवेदिका की माह जून एवं जुलाई 2025 की वेतन का आहरण होना शेष था। जिसके लिए आवेदिका बाल संप्रेषण गृह खंडवा के अधीक्षक हरजिंदर सिंह अरोरा से मिली तो उनके द्वारा विगत दो माह के वेतन निकालने के एवज में आवेदिका से दो हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से चार हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई तथा पैसे नहीं देने पर नौकारी से निकाल देने का कहा गया। जिसकी शिकायत आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर राजेश सहाय को की थी।सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर मंगलवार को ट्रेप दल का गठन किया गया और आरोपित अरोरा को आवेदिका से चार हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो पकड़ा गया। आरोपित के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

# राजस्थान के रणथंभौर से मादा चीता ज्वाला का रेस्क्यू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**श्योपुर, एजेंसी। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के रणथंभौर अभयारण्य में पहुंची कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता 'ज्वाला' को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू कर लिया गया।**

रेडियो कॉलर की मदद से लोकेशन ट्रैक करते हुए कूनो की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, जहां विशेषज्ञों ने ज्वाला को बेहोश कर वाहन से सुरक्षित कूनो ले जाया गया। इसके पहले कूनो से रणथंभौर नेशनल पार्क में मादा चीता "ज्वाला" की एंट्री से लोगों की चिंता भी बढ़ गई थी। देर शाम ज्वाला को रणथंभौर पार्क क्षेत्र में देखा गया, जो एक दिन पूर्व मानपुर और काशीपुर (मध्यप्रदेश) में देखी गई थी। बताया जा रहा है कि देर शाम उसकी लोकेशन रामेश्वर त्रिवेणी संगम क्षेत्र में दर्ज हुई थी। फतेहपुर गांव में गोवंश का शिकार करने के बाद ज्वाला सीप नदी पार कर बगदियां चंबल किनारे पहुंची। वहीं, मंगलवार अलसुबह राजस्थान के बहरावंडा कलां थाना क्षेत्र के करीरा गांव में उसने दो बकरियों का शिकार कर लिया। घटना के बाद से वह बकरियों के बाड़े के पास ही मौजूद रही। मौके पर मध्यप्रदेश के कूनो अभयारण्य की ट्रैकिंग टीम और राजस्थान वन विभाग की टीम उस पर नजर रख रही थी।

## 25 अगस्त को ग्वालियर में पीएम मोदी और फिजी के पीएम की मुलाकात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका के 25 अगस्त को ग्वालियर में मुलाकात होगी। यहां पर दोनों नेताओं के बीच महत्वपूर्ण बैठक होगी। यह मुलाकात भारत और फिजी के बीच आपसी सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से होगी। जिला प्रशासन और पुलिस दोनों नेताओं के दौरे को लेकर तैयारियों में जुट गया है। सूत्रों के अनुसार दोनों नेता करीब चार घंटे ग्वालियर में साथ रह सकते है, जिसमें दोनों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को लेकर बातचीत हो सकती है। दोनों नेताओं का आधिकारिक दौरे का कार्यक्रम जल्द ही जारी हो सकता है। जानकारी के अनुसार दोनों ही नेता सुबह 11 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे। चर्चा है कि फिजी के प्रधानमंत्री ग्वालियर की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण भी कर सकते हैं, जिसमें तानसेन के मकबरे का दौरा भी शामिल हो सकता है। **ग्वालियर से धार जाएंगे पीएम मोदी-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्वालियर से धार रवाना होंगे। यहां बदनावर क्षेत्र में बनने वाले देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करेंगे। इस पार्क के तैयार होने पर मालवा क्षेत्र को औद्योगिक विकास की नई पहचान मिलेगी। कपास उत्पादक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और लगभग 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

### हाथियों के संरक्षण का किया आह्वान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व हाथी दिवस पर प्रदेशवासियों से हाथियों के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाथी वन्य जीवन का अद्वितीय संरक्षक है, जिसका हमारे पारिस्थितिकी तंत्र (ईको सिस्टम) में अहम योगदान है। शक्ति और सामर्थ का प्रतीक हाथी, हमारी जैव विविधता को भी मजबूती प्रदान करता है।

### संसद में सीएम के साथ दिखे मंत्री विजय शाह

**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग करने वाली सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह मंगलवार को संसद भवन परिसर में नजर आए। वे सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ दिखे। दरअसल, मंगलवार को सीएम डॉ. मोहन यादव ने संसद भवन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा की। इसी दौरान मंत्री शाह भी वहीं नजर आए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के बयान की जांच के लिए बनी एसआईटी टीम बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

### पीएमश्री के छात्रों ने क्लास की एलईडी पर देखी पोर्न

**राजगढ़ (भोपाल)।** राजगढ़ जिले के सुठालिया में पीएम श्री स्कूल में कुछ छात्रों ने क्लास के दौरान एलईडी स्क्रीन पर पोर्न फिल्म चला दी। इस दौरान बाकी छात्र कुर्सियों पर बैठकर फिल्म देख रहे थे। इनमें से एक छात्र ने इसका वीडियो बना लिया। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल होने के लोगों ने इस पर विरोध जताया। मामला पुलिस और प्रशासन तक भी पहुंचा। जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने ब्यावरा विकासखंड अधिकारी दिलीप शर्मा को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। स्कूल के प्राचार्य हेमंत यादव ने कहा कि मैं 12 मई को प्राचार्य बना हूं। ये वीडियो 8-10 महीने पुराना है। एक युवक ब्लैकमेल कर 50 हजार की डिमांड कर रहा था। मैंने इनकार किया तो वीडियो वायरल कर दिया।


### मुख्यमंत्री बलराम जयंती पर किसानों के खाते में राशि अंतरित करेंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 अगस्त को मंडला में बलराम जयंती पर प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की दूसरी किस्त का किसानों के खाते में अंतरण करेंगे। इस योजना से प्रदेश के 83 लाख किसान हितग्राही लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना सितंबर 2020 से लागू की गई है। इस योजना में लाभांवित किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अलावा है। मार्च 2025 तक 83 लाख से अधिक किसान हितग्राहियों को 17,500 करोड़ का वितीय समर्थन दिया गया है। कार्यक्रम में कृषि तथा संबंधित क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान को प्रतिपादित करने संबंधी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।

## संपादकीय

# भारत ने विश्व बैंक के उस फैसले को कभी स्वीकार नहीं किया

पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें भारत की तरफ से पश्चिमी नदियों (चिनाब, झेलम और सिंधु) पर बनाए जाने वाले नए रन-ऑफ-रिवर जलविद्युत परियोजनाओं के लिए निर्धारित मानदंडों की व्याख्या की गई है। पाकिस्तान ने कहा है कि यह सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर उसके रुख को पुष्ट करता है, जिसे भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद स्थगित कर दिया था। हालांकि, भारत ने कभी भी उस स्थायी मध्यस्थता न्यायालय को मान्यता नहीं दी, जिसके बारे में कहा गया था कि उसने यह घोषित किया था कि भारत पश्चिमी नदियों के पानी को पाकिस्तान के अप्रतिबंधित उपयोग के लिए 'बहता' रहेगा। इसके बजाय, भारत ने तटस्थ विशेषज्ञ तंत्र पर ध्यान केंद्रित किया था। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने सोमवार को कहा कि इस संबंध में, जल विद्युत संयंत्रों के उत्पादन के लिए निर्दिष्ट अपवादों को संधि में निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए, न कि भारत द्वारा 'आदर्श' या 'सर्वोत्तम प्रथाओं' के दृष्टिकोण के अनुरूप होना चाहिए। हालांकि भारत की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया बुधवार को आने की उम्मीद है। वहीं, सूत्रों ने बताया कि भारत ने जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े लंबे विवाद की पृष्ठभूमि में सिंधु जल संधि में संशोधन के लिए पहले ही अधिसूचना जारी कर दी थी। भारत ने विश्व बैंक के उस फैसले को कभी स्वीकार नहीं किया जिसमें एक ही मुद्दे पर तटस्थ विशेषज्ञ तंत्र और पाकिस्तान के आग्रह पर मध्यस्थता न्यायालय, दोनों को एक साथ सक्रिय किया गया था। यही कारण था कि भारत ने संधि के तहत विवाद समाधान तंत्र पर पुनर्विचार का आह्वान किया था। वर्ल्ड बैंक ने अक्टूबर 2022 में न केवल एक तटस्थ विशेषज्ञ, बल्कि एक मध्यस्थता न्यायालय भी नियुक्त किया, जबकि भारत की इस चिंता को स्वीकार किया गया था कि दोनों प्रक्रियाओं को एक साथ लागू करने से व्यावहारिक और कानूनी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। सोमवार को आए फैसले के बाद पाकिस्तान ने कहा कि वह सिंधु जल संधि के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही उसने भारत से समझौते के सामान्य कामकाज को तुरंत बहाल करने का आग्रह किया। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय कार्रवाई नहीं करता, तब तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।




## OSHO कहिन



**"जीवन में सच्चा सुख उसी को मिलता है जो अपनी सीमाओं से परे जाने की हिम्मत रखता है।"**

## ज्ञान-विज्ञान

# 5 अगस्त को धीमी हो गई थी पृथ्वी की चाल, अचानक लंबा दिन किसी चेतावनी का संकेत तो नहीं?



**5 अगस्त को वैज्ञानिकों ने एक अजीबोगरीब घटना को नोट किया। इस दिन पृथ्वी का घूर्णन की गति सामान्य से कम हो गई थी। इस कारण दिन थोड़ा लंबा हो गया। हालांकि, यह अंतर सामान्य लोगों को समझ नहीं आया। लेकिन, वैज्ञानिकों ने इस घटना को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि यह घटना पृथ्वी के घूर्णन को प्रभावित करने वाली शक्तियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दे सकती है। पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है और सूर्य के चारों ओर घूमती है। भूमध्य रेखा पर पृथ्वी की घूर्णन गति लगभग 1,670 किलोमीटर प्रति घंटा है। सूर्य के चारों ओर इसकी परिक्रमा गति लगभग 107,000 किलोमीटर प्रति घंटा है।**

### 5 अगस्त को क्या हुआ

वैज्ञानिकों ने बताया कि उस दिन पृथ्वी का घूर्णन लगभग 86,400.00145 सेकंड तक चला, जो औसत से लगभग 1.45 मिलीसेकंड अधिक है। पृथ्वी की घूमने की गति में यह परिवर्तन छोटा है। इस कारण परमाणु घड़ियों और खगोलीय प्रेक्षणों का उपयोग करके सटीक मापन से इसका पता लगाया गया।

### एक सौर दिवस कितने सेकेंड का होता है

एक सौर दिवस यानी दिन 24 घंटे या 86,400 सेकंड का होता है। इसमें हवा के पैटर्न, समुद्री धाराओं और पृथ्वी के आंतरिक भाग में होने वाली गतिविधियों में बदलाव के कारण छोटे-छोटे परिवर्तन स्वाभाविक रूप से होते हैं। इसके अलावा चंद्रमा का ज्वारीय खिंचाव पृथ्वी के घूर्णन की गति को धीमा करने का भी प्रमुख कारण है।

### इस बार असामान्य कारक

वैज्ञानिकों का कहना है कि 5 अगस्त को पृथ्वी के घूमने की गति में आई कमी दक्षिणी गोलार्ध में वायुमंडलीय परिस्थितियों से जुड़ी थी। कुछ क्षेत्रों में सामान्य से ज्यादा तेज हवाओं ने पृथ्वी की सतह पर एक मिनट का ब्रेक लगाया, जिससे दिन की लंबाई में मिलीसेकंड का इजाफा हुआ।

### पृथ्वी के घूर्णन पर कैसे पड़ता है प्रभाव

चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण से प्रभावित समुद्री धाराओं ने भी इसमें योगदान दिया। वैज्ञानिकों के अनुसार, जब ज्वारीय खिंचाव थोड़ा ज्यादा होता है, तब ऐसी घटना देखने को मिलती है। पृथ्वी के पिघले हुए बाहरी कोर के भीतर की गतिविधियां भी घूर्णन गति को प्रभावित करती हैं।

### समय की सटीकता क्यों मायने रखती है

वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के घूर्णन में एक मिलीसेकंड से थोड़ा ज्यादा का भी बदलाव GPS नेविगेशन और उपग्रह संचार जैसी अत्यधिक सटीक प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो समय से जुड़ी कई गणनाएं गलत हो सकती हैं।

Rajasthan

# राजस्थान में भीषण हादसा, खाटू श्याम दर्शन कर लौट रहे 10 श्रद्धालुओं की मौत, 7 बच्चे भी शामिल

**दौसा**। राजस्थान के दौसा जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां खाटू श्याम मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में कुल 10 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 7 बच्चे और 3 महिलाएं शामिल हैं। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को जयपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, सभी मृतक खाटू श्याम दर्शन करने के लिए गए थे। दर्शन कर वापस आने के दौरान श्रद्धालुओं का पिकअप ट्रक दौसा में हादसे का शिकार हो गया। हादसे में पिकअप में सवार 7 बच्चों की



मौत हो गई और 3 महिलाओं की भी जान चली गई। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को सुबह श्रद्धालुओं का पिकअप ट्रक खाटू श्याम की तरफ से आ रहा था। इस दौरान दौसा में एक बड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि 7 बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाउस भेज दिया गया। इस मामले की जानकारी देते हुए एसपी सागर राणा ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर से आ रहे श्रद्धालुओं के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी। अब तक 10 लोगों के हताहत होने की खबर है। इस हादसे में घायल हुए करीब 7-8 लोगों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया है।

Bihar

## उत्तर प्रदेश में बाढ़ का कहर, चपेट में आए 500 से ज्यादा गांव, आज 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



**लखनऊ,(एजेंसी) उत्तर प्रदेश में पिछले एक महीने से बारिश का दौर चल रहा है. यहां के कई जिले भी बाढ़ से प्रभावित हैं. करीब 500 से ज्यादा गांव डूब चुके हैं. फैजाबाद-अयोध्या के इलाके भी बाढ़ की चपेट में हैं. आलम ये है कि पीने का पानी लेने के लिए भी लोगों को 2 किलोमीटर तक दूर जाना पड़ रहा है. मौसम विभाग ने आज के लिए पूर्वांचल और तराई के 15 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि 29 जिलों में येलो अलर्ट है.**

14 अगस्त से पूर्वी यूपी में बारिश की तीव्रता कम होने की संभावना है, लेकिन पश्चिमी यूपी में बारिश जारी रह सकती है. बता दें कि मंगलवार को बिजनौर, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर समेत पश्चिमी तराई के जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने नए वेदर सिस्टम और पूर्वा हवाओं में नमी के कारण बुधवार को भारी बारिश के आसार हैं, 14 अगस्त को प्रदेशभर में अच्छी बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने जिलेवार तरीके से अलर्ट जारी किया है.

देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत व आसपास के क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

New Delhi

## आप कुत्तों को हटाएंगे, बंदर आ जाएंगे

**नई दिल्ली,(एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पुश अधिकार कार्यकर्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने इस फैसले की खुलकर आलोचना की है। वह इसे गुस्से में लिया गया फैसला बता रही हैं और उनका दावा है कि इस फैसले को अमल में लाना संभव नहीं है क्योंकि दिल्ली सरकार के पास कुत्तों को रखने के लिए शेल्टर होम नहीं है। मेनका गांधी ने कहा, 48 घंटों के अंदर, गाजियाबाद और फरीदाबाद से तीन लाख कुत्ते आ जाएंगे क्योंकि दिल्ली में खाना है। और जैसे ही आप कुत्तों को हटाएंगे, बंदर आ जाएंगे। मैंने अपने घर में भी ऐसा होते देखा है। इस दौरान मेनका गांधी पेरिस का वो समय याद दिलाया जब सड़कों से कुत्ते बिल्ली हटा दिए गए थे। उन्होंने कहा, 1880 के दशक में पेरिस में, जब कुत्तों और बिल्लियों को हटाया गया, तो शहर चूहों से भर गया था। उन्होंने ये भी बताया कि कुत्ते और बिल्लियां रोडेंट कंट्रोल एनिमल के तौर पर काम करते है। इनके नहीं रहने से पारिस्थितिक असंतुलन पैदा होता है। उन्होंने कहा, सरकार ने व्यापक विचार-विमर्श के बाद कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने और नसबंदी, रेबीज और डिस्टेंपर रोधी टीकाकरण, स्थानांतरण पर प्रतिबंध और पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्रों की निगरानी के सख्त कार्यान्वयन के माध्यम से कुत्तों के काटने की घटनाओं को कम करने के लिए पहले ही एक रोडमैप पर सहमति बना ली है।

New Delhi

केंद्र का संसद में जवाब

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई प्लानिंग नहीं

**नई दिल्ली,(एजेंसी)** केंद्र सरकार ने सदन में कहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई प्लानिंग नहीं है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के सवाल के जवाब में ये बात कही।



उन्होंने कहा- संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच बांटी गई विधायी शक्तियों के मुताबिक पशुओं का संरक्षण ऐसा मामला है जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है। बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार गायों के संवर्धन, संरक्षण और पालन के लिए राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के उठाए कदमों का समर्थन करने के लिए दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू कर चुकी है। बघेल ने दूध प्रोडक्शन की जानकारी देते हुए कहा कि 2024 में देश के कुल दूध उत्पादन 239.30 मिलियन टन में गाय के दूध का योगदान 53.12 प्रतिशत था, जबकि भैंस के दूध का योगदान 43.62 प्रतिशत था।

खेल

# द. अफ्रीका ने 53 रन से जीता दूसरा टी20, डेवाल्ड ब्रेविस का नाबाद शतक, ऑस्ट्रेलिया 165 पर ऑलआउट

**डार्विन,(एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 मैच में 53 रन से हरा दिया। डार्विन में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने डेवाल्ड ब्रेविस की नाबाद 125 रनों की पारी की बदौलत सात विकेट पर 218 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 165 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस मुकाबले में जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का अंतिम और निर्णायक मुकाबला 16 अगस्त को कार्निस में खेला जाएगा।



219 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत खराब हुई। ट्रेविस हेड के रूप में टीम को पहला झटका मार्करम ने दिया। वह सिर्फ पांच रन बना पाए। इसके बाद क्वेन मफाका ने कैमरन ग्रीन को पवेलियन की राह दिखाई। वह सिर्फ नौ रन बना सके। इस दौरान कप्तान और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर बड़ी पारी खेलने की कोशिश की। हालांकि, वह नाकाम रहे और 13 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, टिम डेविड ने एक बार फिर चमक बिखेरी। उन्होंने 24 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से 50 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 16, मिचेल ओन ने आठ, एलेक्स कैरी ने 26, बेन ड्वार्शिस ने 12, सीन अबॉट ने एक रन बनाया। वहीं, एडम जाम्पा खाता भी नहीं खोल पाए जबकि जोश हेजलवुड नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका और कॉर्बिन बॉश ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि कगिसो रबाडा, एडेन मार्करम, लुंगी एनगिडी और पीटर को एक-एक सफलता मिली। ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर क्लास ली और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाया। ब्रेविस से कम गेंदों पर सिर्फ डेविड मिलर ने ही दक्षिण अफ्रीका के लिए टी20 शतक लगाया है। मिलर ने बांग्लादेश के खिलाफ 2017 में 35 गेंदों पर शतक लगाया था। इसके साथ ही ब्रेविस दक्षिण अफ्रीका के आठवें बल्लेबाज बने जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में शतक लगाया है। वह क्विंटन डिकॉक, फाफ डुप्लेसिस और मिलर की एलीट सूची में शामिल हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 57 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। कप्तान एडेन मार्करम, रियान रिक्लेटन और लुहान ड्री प्रिटोरियस ने सस्ते में अपने विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ब्रेविस ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 126 रनों की साझेदारी की। इसे एडम जांपा ने स्टब्स को आउट कर तोड़ा जो 31 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## मेरा नाम सुष्मिता सेन है...काम मांगने के लिए एक्ट्रेस ने नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम के मालिकों को किया फोन



बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन हमेशा अपने काम से ऑडियंस को इम्प्रेस करती आई हैं। उन्होंने 'मैं हूं ना', 'बीवी नंबर 1', 'मैंने प्यार क्यों किया' जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग से इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। एक्ट्रेस ने जब OTT पर आई तो 'आर्या' जैसी वेब सीरीज और अपने किरदार से छाप छोड़ दी। आर्या ने कई अवार्ड जीते। फिल्म 'ताली' में भी उनकी परफॉरमेंस को पसंद किया गया। अब एक्ट्रेस बिना काम के घर बैठी हैं। उन्होंने काम मांगा है। सुष्मिता सेन ने हाल में मिड-डे को दिए एक इंटरव्यू में बताया है कि वो 8 साल के लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी करना चाहती हैं। सुष्मिता ने कहा "मैंने नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम वीडियो और हॉटस्टार के मालिकों को कॉल किया। मैंने कहा, मेरा नाम सुष्मिता सेन है, मैं एक एक्टर हूं, या थी और मैं वापस काम करना चाहती हूं। मैंने 8 साल काम नहीं किया, ये बहुत लंबा वक्त था।" सुष्मिता ने कहा कि इस ब्रेक ने उन्हें जिंदगी को करीब से देखने का मौका दिया और यह एक्सपीरियंस एक एक्टर के लिए जरूरी होता है। सुष्मिता सेन अपने इन सालों में एक बुरे हार्ट अटैक से भी गुजरी हैं। उनकी हार्ट सर्जरी के बाद भी उन्होंने काम से ज्यादा अपनी हेल्थ को टाइम दिया और अब पूरी तरह से ठीक होने के बाद फिल्मों में वापसी करना चाहती हैं।

## Highlights

1. **YSRCP's Satish Reddy put under house arrest before ZPTC bypolls in Andhra**
2. **Udupi launches student drug test drive with anti-drug committees**
3. **Police put me under house arrest: T'gana BJP chief Ramchander Rao**
4. **Ex-TMC leader mastermind behind fake 'Int'l police station' busted in UP**
5. **Free all convicts who served full sentence: SC while hearing Nitish Katara murder case**

# Fractal Analytics files IPO papers in endeavour to become first listed AI company in India



**NEW DElHI, (Agency).** Fractal Analytics has filed draft IPO papers with India's market regulator in its endeavour to become the first listed AI company in India.

The enterprise AI company, which was founded more than two decades ago, aims to raise ₹4,900 crore via a fresh issue of shares worth ₹1,279.3 crore and an offer for sale of ₹3,620.7 crore, according to its draft red-herring prospectus filed with the Securities and Exchange Board of India.

The company is also eyeing a pre-IPO anchor placement of up to ₹255.8 crore. The price band and the tentative timeline of the Fractal Analytics IPO wasn't immediately available.

Founded in 2000 by Srikanth Velamakanni and Pranay Agrawal, Fractal Analytics counts several Fortune 500 companies—Microsoft, Apple, Nvidia, Alphabet, Amazon, Meta and Tesla—as its clients for data-driven insights and decision-making through end-to-end AI solutions.

Backed by marquee investors like TPG, Apax and Gaja Capital, the Goregaon, Mumbai-based company has domain expertise in sectors across FMCG to media and telecom.

The company is also eyeing a pre-IPO anchor placement of up to ₹255.8 crore. The price band and the tentative timeline of the Fractal Analytics IPO wasn't immediately available.

Founded in 2000 by Srikanth Velamakanni and Pranay Agrawal, Fractal Analytics counts several Fortune 500 companies—Microsoft, Apple, Nvidia, Alphabet, Amazon, Meta and Tesla—as its clients for data-driven insights and decision-making through end-to-end AI solutions.

# India's direct tax collections contract by 1.87%, refunds up by 10%: Govt data

**NEW DElHI, (Agency).** India's gross direct tax collection fell to ₹7,98,822 crore in the current financial year up to August 11, from ₹8,14,048 crore in the same period last financial year, registering a contraction of 1.87% because of higher refunds to corporate assesses and lower collections from individual taxpayers, according to government data. Overall refunds to taxpayers (both corporate and individual assesses) jumped by nearly 10% to ₹1,34,948 crore in 2025-26 (from April 1 to August 11) as compared to ₹1,22,895 crore in the same period of financial



year 2024-25, contributing to a year-on-year fall in net direct tax revenue. Net direct tax collections after refunds in FY26 (as on August 11) fell by 3.95% to ₹6,63,874 crore as compared to ₹6,91,153 net revenue up to August 11 of FY25, the data showed. Refunds to corporate taxpayers surged over 21.24% to ₹1,03,863 crore in the current period (FY26 up to August 11) as compared to ₹85,664 crore in the same period of FY25. In comparison to that, refunds to non-corporate taxpayers (mainly comprising individuals) saw a contraction. Refunds to non-corporate taxpayers dipped by 16.5% to ₹31,081 crore in the current financial year (as on August 11, 2025) as against ₹37,213 crore refunded in the same period of previous financial year (as on August 11, 2024), according to the official data. Both gross and net collections from non-corporate taxpayers, mainly comprising individual assesses, saw a year-on-year dip in the current period, which is the other reason for a tardy direct tax mop up during April 1, 2025 to August 11, 2025.

# रिटायर्ड जस्टिस के बंगले से लाखों की चोरी

## अलमारी तोड़कर जेवर-कैश ले गए आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रिटायर्ड जस्टिस रमेश गर्ग के घर से तीन बदमाश महज 4 मिनट 10 सेकेंड में 5 लाख से ज्यादा का कैश और सोने-चांदी के जेवर चुरा ले गए। जब बदमाशों ने अलमारी का ताला तोड़ा तो अलार्म बजा, लेकिन वहीं बेड पर सो रहे जस्टिस के बेटे की नींद नहीं खुली। बदमाश आराम से चोरी करके घर से निकल गए। ये पूरी वारदात कमरे में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

घटना रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे प्रगति पार्क कॉलोनी की है। पुलिस ने सोमवार रात को इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, उसमें बदमाश सुबह 4 बजे लोहे की ग्रिल काटकर घर में घुसे। फिर जस्टिस के बेटे ऋत्विक के कमरे में गए। उनकी बहू और बच्चों के साथ दूसरे कमरे में सो रही थी। जब तीनों बदमाश जस्टिस गर्ग के बंगले में घुसे तब गार्ड मौजूद था। आरोपियों ने खिड़की की ग्रिल काटी और अंदर घुसे। उनके पास लट्ठ, टॉमी और अन्य औजार थे। सुबह ऋत्विक की पत्नी उठी तो कमरा अस्त-व्यस्त दिखा। अलमारी खुली थी और सामान गायब था।सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी ग्रामीण रूपेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे। उनके साथ डीएसपी मुख्यालय उमाकांत चौधरी, स्निफर डॉग, एफएसएल एक्सपर्ट भी थे। पुलिस को मौके से बदमाशों के खिलाफ कोई सुराग नहीं मिला है। आरोपियों ने हैंड ग्लव्स पहने थे, इसलिए उनके फिंगर प्रिंट के निशान भी नहीं मिले हैं।

# छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा



काउंसलिंग और मार्गदर्शन हेतु काउंसलर और विषय विशेषज्ञों की टीम ने मंगलवार क़ो जिले के सांदीपनि शासकीय नवीन मालव कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल के अध्ययनरत छात्राओं को कैरियर हेतु मार्गदर्शन एवं छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहयोग के लिए कैरियर एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्कूल के छात्राओं को बेहतर विषय चुनने में मदद कर सके इस हेतु टीम के काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. धीरज हासिजा, गोविन्द शर्मा, सुश्री प्रियंका तिवारी एवं डॉ राकेश उपाध्याय ने करियर काउंसिलिंग एवं भविष्य की केरियर योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# मां को लेकर क्लिनिक जा रही छात्रा से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम 12वीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। छात्रा अपनी मां को डॉक्टर के पास ले जा रही थी, तभी कॉलोनी में रहने वाला गौरव चौहान रास्ता रोककर उससे जबरन बात करने का दबाव बनाने लगा और हाथ पकड़ लिया। रात में छात्रा थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह उसकी मां को लेकर शिवकंठ नगर इलाके में डॉक्टर के क्लिनिक पर जा रही थी। तभी रास्ते में गौरव आया, उसने रास्ता रोकते हुए हाथ पकड़ा और कहा कि वह बात क्यों नहीं करती। इसके बाद गौरव धमकी देने लगा। छात्रा की मां ने रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने उससे भी हुज्जत की। बाद में छात्रा ने अपने पिता को कॉल कर मौके पर बुलाया। छात्रा के पिता ने गौरव से बात करनी चाही, लेकिन पहले उसने अपशब्द कहे और फिर हाथापाई करने लगा। घटनास्थल पर मौजूद लोग इकट्ठा होने लगे, तो गौरव मौके से भाग गया। छात्रा रात को परिजनों के साथ बाणगंगा थाने पहुंची और गौरव चौहान के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने गौरव के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज किया है।

# अधूरे ब्रिज से गिरे युवक की मौत के विरोध में व्यापारियों ने दुकानें बंद की

## अब तक ब्रिज का निर्माण पूरा होना था, लेकिन आधा भी नहीं बन पाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मालवा मिल-पाटनीपुरा ब्रिज से गिरकर एक बाइक सवार युवक की मौत से क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश है। मंगलवार को उन्होंने दुकानों पर ताले लगाए और चाबियां देने जा पहुंचे नगर निगम कार्यालय। अफसरों ने चाबियां तो नहीं ली, लेकिन व्यापारियों से कहा कि सितंबर माह तक ब्रिज पूरा हो जाएगा और सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाएगा।



व्यापारी मनोज सोमवंशी ने कहा कि अब तक ब्रिज का निर्माण पूरा होना था, लेकिन आधा भी नहीं बन पाया है। ब्रिज बनने के कारण मार्ग का ट्रैफिक बंद है। हमारी ग्राहकी भी नहीं हो पा रही है। दीपावली, रक्षाबंधन जैसे पर्व के समय व्यापारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। मार्ग बंद होने से ग्राहक ही नहीं आ पा रहे हैं। रविवार रात एक दोपहिया वाहन चालक नाले में गिरकर घायल हो गया। लोगों ने उसे नाले से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। ब्रिज के आसपास बेरिकेड भी नहीं लगाए गए थे। इस कारण यह हादसा हुआ। इस नाले के पास लगे पाइपों से रोज लोग जान को ताक पर रखकर निकलते है। दरअसल ब्रिज के समीप कोई डायवर्शन तैयार नहीं किया गया। वाहन चालकों को दो किलोमीटर घूम कर निकलना पड़ता है। नगर निगम पुराने ब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बना रहा है। नाले के दोनों तरफ ठेकेदार ने बेरिकेड लगाने के बजाए मिट्टी के बड़े ढेर लगा दिए। ठेकेदार का कहना था कि पहले शेड भी लगाए थे, लेकिन वे चोरी हो गए। इस कारण मिट्टी के ढेर लगाकर रास्ता रोका गया था। करीब छह माह पहले पुल निर्माण का टेंडर जारी हुआ था और अप्रैल में काम शुरू हुआ। निगम ने बारिश से पहले काम पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन भुगतान नहीं मिलने के कारण ठेकेदार ने काम रोक दिया। अब पुल के दोनों ओर से आवागमन छह माह से बंद है, जिससे व्यापारियों का कारोबार ठप हो गया है। वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों से जाना पड़ रहा है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक